भारत सरकार

आयुष मंत्रालय

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न सं. 2346**

13 फरवरी, 2026 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

**आयुष्मान आरोग्य मंदिर 'आयुष'**

2346. श्री बाल्या मामा सुरेश गोपीनाथ म्हात्रे:

क्या आयुष मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) राष्ट्रीय आयुष मिशन (एनएएम) के अंतर्गत अब तक स्थापित आयुष्मान आरोग्य मंदिर (आयुष) की राज्यवार/संघ राज्यक्षेत्रवार कुल संख्या कितनी है और इन केंद्रों से अब तक सेवा प्राप्त करने वाले लाभार्थियों की कुल संख्या कितनी है;

(ख) क्या सरकार का श्रमिकों की स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याओं के समाधान करने और एक व्यापक स्वास्थ्य सेवा मॉडल स्थापित करने के उद्देश्य से महाराष्ट्र के भिवंडी जैसे औद्योगिक क्षेत्रों में आयुष्मान आरोग्य मंदिर (आयुष) स्थापित करने का विचार है।

(ग) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं।

(घ) क्या सरकार ने इन केंद्रों के जन स्वास्थ्य पर प्रभाव का कोई आकलन/मूल्यांकन किया है और ऐसे मूल्यांकनों के मुख्य निष्कर्ष क्या हैं; और

(ङ) सरकार द्वारा देश में आयुष सेवाओं की प्रभावशीलता बढ़ाने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं?

**उत्तर**

**आयुष मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)**

**(श्री प्रतापराव जाधव)**

(क): केंद्रीय प्रायोजित योजना नामतः राष्ट्रीय आयुष मिशन (एनएएम) के अंतर्गत, राज्य/संघ राज्य क्षेत्र की सरकारों से उनकी राज्य वार्षिक कार्य योजनाओं (एसएएपी) के माध्यम से प्राप्त प्रस्तावों के अनुसार, 12500 मौजूदा आयुष औषधालयों और उप स्वास्थ्य केंद्रों (एससी) को आयुष स्वास्थ्य एवं कल्याण केंद्रों के रूप में उन्नत किया गया है, जिनका नाम बदलकर आयुष्मान आरोग्य मंदिर (आयुष) [(एएएम(आयुष)] कर दिया गया है। अनुमोदित और कार्यशील एएएम (आयुष) की राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार स्थिति **संलग्नक-I** पर दी गई है। इसके अतिरिक्त, राज्य/संघ राज्य क्षेत्र की सरकारों द्वारा दी गई सूचना के अनुसार, वर्ष 2021 से 2025 तक एएएम (आयुष) के माध्यम से सेवाओं का लाभ उठाने वाले लाभार्थियों की राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार संख्या **संलग्नक-II** पर दी गई है।

(ख) और (ग): जन स्वास्थ्य राज्य का विषय होने के कारण, महाराष्ट्र के भिवंडी जैसे औद्योगिक क्षेत्रों में श्रमिकों की स्वास्थ्य समस्याओं के समाधान और एक व्यापक स्वास्थ्य सेवा मॉडल स्थापित करने के लिए एएएम (आयुष) की स्थापना की प्राथमिक जिम्मेदारी संबंधित राज्य सरकार की है। महाराष्ट्र राज्य सरकार द्वारा दी गई सूचना के अनुसार, भिवंडी के औद्योगिक क्षेत्र के निकट स्थित श्रमिकों की स्वास्थ्य समस्याओं के समाधान के लिए एक एएएम (आयुष) प्राथमिक स्वास्थ्य इकाई (पीएचयू) ग्राम कुंडा, ब्लॉक भिवंडी, जिला ठाणे में स्थित है और उप जिला अस्पताल, भिवंडी और ग्रामीण अस्पताल अंबाडिफाटा ब्लॉक भिवंडी, जिला ठाणे में भी सह-स्थापित आयुष विंग कार्यशील हैं।

(घ) और (ङ): जी हाँ। विभिन्न राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में स्थापित एएएम (आयुष) द्वारा प्रदान की जा रही विभिन्न गतिविधियों/सेवाओं के कार्यान्वयन की प्रगति की समीक्षा के लिए केंद्रीय दल द्वारा तृतीय-पक्ष समीक्षा और एनएबीएच मूल्यांकन के अलावा दौरे भी किए जाते हैं। इन संस्थाओं को आयुष सिद्धांतों और प्रथाओं पर आधारित एक समग्र स्वास्थ्य मॉडल स्थापित करने के उद्देश्य से अनुमोदित किया गया था, जो निवारक, प्रोत्साहक, उपचारात्मक और पुनर्वास स्वास्थ्य देखभाल पर केंद्रित है। इसका उद्देश्य मौजूदा जन स्वास्थ्य पद्धति के साथ एकीकरण स्थापित करके जरूरतमंद जनता को सूचित विकल्प प्रदान करना और टीम आधारित दृष्टिकोण में आयुष सेवाएं उपलब्ध कराना है।

दौरा करने वाली टीमों ने पाया है कि आयुष औषधालयों/उप स्वास्थ्य केंद्रों को एएएम (आयुष) के रूप में उन्नत किए जाने के बाद से एएएम (आयुष) में आने वाले लाभार्थियों की संख्या में वृद्धि हुई है। इसका कारण यह है कि ओपीडी सेवाओं के अतिरिक्त, ये केंद्र प्रकृति परीक्षण, योग संबंधी गतिविधियाँ, सामान्य औषधीय पादपों के उपयोग के बारे में जागरूकता आदि जैसी कई अन्य सेवाएं भी प्रदान कर रहे हैं। इसके अलावा, दौरा करने वाली टीम ने राज्य/संघ राज्य क्षेत्र की सरकारों को एएएम (आयुष) टीम के लिए उचित प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण, अन्य जन स्वास्थ्य सुविधाओं के साथ रेफरल संबंधों को मजबूत करने, जमीनी स्तर के कार्यकर्ताओं, विशेष रूप से आशा कार्यकर्ताओं आदि की प्रभावी भागीदारी का सुझाव दिया है, ताकि एएएम (आयुष) के माध्यम से संचालित गतिविधियों के बेहतर परिणाम प्राप्त हो सकें।

*****

**संलग्नक-I**

**अनुमोदित और कार्यशील आयुष्मान आरोग्य मंदिर (एएएम) (आयुष) और उनके लाभार्थियों की राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार स्थिति**

| **क्र.सं.** | **राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के नाम** | **अनुमोदित एएएम (आयुष)** | **कार्यशील एएएम (आयुष)** |
|---|---|---|---|
| 1 | अंडमान और निकोबार द्वीप | 6 | 6 |
| 2 | आंध्र प्रदेश | 126 | 126 |
| 3 | अरुणाचल प्रदेश | 89 | 89 |
| 4 | असम | 500 | 500 |
| 5 | बिहार | 294 | 294 |
| 6 | चंडीगढ़ | 12 | 12 |
| 7 | छत्तीसगढ़ | 400 | 400 |
| 8 | दिल्ली | 0 | 0 |
| 9 | दादरा व नागर हवेली और दमन व दीव | 1 | 1 |
| 10 | गोवा | 100 | 100 |
| 11 | गुजरात | 365 | 365 |
| 12 | हरियाणा | 538 | 538 |
| 13 | हिमाचल प्रदेश | 740 | 740 |
| 14 | जम्मू-कश्मीर | 523 | 523 |
| 15 | झारखंड | 745 | 745 |
| 16 | कर्नाटक | 376 | 376 |
| 17 | केरल | 700 | 700 |
| 18 | लद्दाख | 0 | 0 |
| 19 | लक्षद्वीप | 7 | 7 |
| 20 | मध्य प्रदेश | 800 | 800 |
| 21 | **महाराष्ट्र** | **390** | **390** |
| 22 | मणिपुर | 15 | 15 |
| 23 | मेघालय | 45 | 45 |
| 24 | मिजोरम | 41 | 41 |
| 25 | नागालैंड | 49 | 49 |
| 26 | ओडिशा | 422 | 422 |
| 27 | पुडुचेरी | 4 | 4 |
| 28 | पंजाब | 158 | 158 |
| 29 | राजस्थान | 2019 | 2019 |
| 30 | सिक्किम | 18 | 18 |
| 31 | तमिलनाडु | 650 | 650 |
| 32 | तेलंगाना | 421 | 421 |
| 33 | त्रिपुरा | 72 | 72 |
| 34 | उत्तर प्रदेश | 1034 | 1034 |
| 35 | उत्तराखंड | 300 | 300 |
| 36 | पश्चिम बंगाल | 540 | 540 |
| **कुल** | | **12500** | **12500** |

**संलग्नक-II**

**वर्ष 2021 से 2025 तक एएएम (आयुष) के माध्यम से सेवाओं का लाभ प्राप्त करने वाले लाभार्थियों की राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार संख्या**

| क्र.सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | 2021 | 2022 | 2023 | 2024 | 2025 | कुल |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | अंडमान और निकोबार द्वीप | 0 | 11090 | 7982 | 9181 | 10648 | 38901 |
| 2 | आंध्र प्रदेश | 0 | 404115 | 703804 | 713523 | 617043 | 2438485 |
| 3 | अरुणाचल प्रदेश | 1401 | 25278 | 55348 | 71249 | 78589 | 231865 |
| 4 | असम | 0 | 28092 | 313319 | 3343870 | 6567817 | 10253098 |
| 5 | बिहार | 103269 | 194960 | 231661 | 291037 | 740783 | 1561710 |
| 6 | चंडीगढ़ | 142899 | 200235 | 127474 | 120426 | 108832 | 699866 |
| 7 | छत्तीसगढ़ | 140285 | 1281136 | 2356871 | 2346115 | 2483446 | 8607853 |
| 8 | दादरा व नगर हवेली व दमन और दीव | 0 | 0 | 2670 | 26912 | 26648 | 56230 |
| 9 | दिल्ली | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 10 | गोवा | 19180 | 53324 | 254962 | 366284 | 360763 | 1054513 |
| 11 | गुजरात | 951290 | 1578001 | 6333646 | 5807405 | 1652306 | 16322648 |
| 12 | हरियाणा | 2322803 | 2514230 | 2658480 | 2473949 | 3516138 | 13485600 |
| 13 | हिमाचल प्रदेश | 588655 | 736738 | 2331404 | 2342366 | 2523856 | 8523019 |
| 14 | जम्मू-कश्मीर | 0 | 2685966 | 3018269 | 2412595 | 2222007 | 10338837 |
| 15 | झारखंड | 123705 | 187363 | 1487747 | 2691204 | 3007433 | 7497452 |
| 16 | कर्नाटक | 606296 | 763257 | 1660552 | 1896859 | 1833580 | 6760544 |
| 17 | केरल | 1525596 | 5829043 | 6672089 | 8344225 | 7256661 | 29627614 |
| 18 | लद्दाख | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 19 | लक्षद्वीप | 8726 | 38515 | 55723 | 42215 | 52428 | 197607 |
| 20 | मध्य प्रदेश | 1274788 | 1601107 | 2590895 | 4611884 | 5592863 | 15671537 |
| 21 | महाराष्ट्र | 726140 | 764615 | 1073779 | 1517652 | 2072216 | 6154402 |
| 22 | मणिपुर | 737 | 946 | 5301 | 13853 | 21617 | 42454 |
| 23 | मेघालय | 0 | 0 | 37950 | 52198 | 85332 | 175480 |
| 24 | मिजोरम | 10060 | 34195 | 94639 | 126325 | 134773 | 399992 |
| 25 | नागालैंड | 1498 | 21480 | 38444 | 40948 | 46224 | 148594 |
| 26 | ओडिशा | 901085 | 6820072 | 1732981 | 2595883 | 2871953 | 14921974 |
| 27 | पुडुचेरी | 35557 | 57237 | 58978 | 62705 | 36344 | 250821 |
| 28 | पंजाब | 0 | 0 | 0 | 767453 | 769821 | 1537274 |
| 29 | राजस्थान | 1775405 | 8396431 | 17740280 | 39066293 | 48319142 | 115297551 |
| 30 | सिक्किम | 20778 | 35094 | 44061 | 47806 | 52697 | 200436 |
| 31 | तमिलनाडु | 30555959 | 25456637 | 11287166 | 13826356 | 14331878 | 95457996 |
| 32 | तेलंगाना | 3833738 | 2358802 | 2913265 | 2061093 | 1858894 | 13025792 |
| 33 | त्रिपुरा | 0 | 0 | 55385 | 103439 | 155071 | 313895 |
| 34 | उत्तर प्रदेश | 3759536 | 13245767 | 16445963 | 12427257 | 12058512 | 57937035 |
| 35 | उत्तराखंड | 163669 | 445740 | 1706811 | 1352831 | 1181869 | 4850920 |
| 36 | पश्चिम बंगाल | 1164213 | 8431205 | 4816907 | 3677126 | 3827432 | 21916883 |
| | **कुल** | **50757268** | **84200671** | **88914806** | **115650517** | **126475616** | **465998878** |